प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

भारतीय जनता पार्टी की आज जयपुर में पार्टी मुख्यालय में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की जा रही है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी और विभिन्न लोकसभा सीटों के प्रभारी सहित वरिष्ठ नेता और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है। बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हो रही है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि चुनावों के दौरान मीडिया की अहम भूमिका होती है। जयपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने मीडिया से सही और तथ्यपरक खबरें प्रसारित करने की अपील की। इस दौरान पार्टी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने भी पत्रकारों के सवालों के जवाब दिये।

....

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराना पुलिस का उत्तरदायित्व है। वे जयपुर की राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना किसी बाधा के चुनाव कराने के लिए पुलिस को अन्य विभागों के साथ तालमेल के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील और क्रिटिकल बूथों की पहचान कर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 40 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी आलोक जैन सहित पुलिस के आला अधिकारी शामिल थे।

....

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से कई नवाचार किये जा रहे है। भरतपुर के बयाना में इसी उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने कैनवास, पोस्टर और रंगों के माध्यम से अलग–अलग थीम के साथ मतदान की अलख जगाई। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव शर्मा ने पेंटिंग कर रहे प्रतिभागियों से संवाद किया और प्रतिभागियों की हौंसला अफजाई की। हनुमानगढ में स्वीप गतिविधियों के तहत टाउन स्थित सेंट्रल पार्क में आज शाम को ''होली संग मतदान और रंगोली प्रतियोगिता'' का आयोजन होगा। यहां ईको फ्रैंडली होली खेली जाएगी। उधर सवाईमाधोपुर नगर परिषद की ओर से आज महिला मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिला मतदाताओं और कार्मिकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

....

आज विश्व जल दिवस है। स्वच्छ जल के महत्व को देखते हुए यह दिन हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। विश्व जल दिवस लोगों, संगठनों और सरकारों को पानी से संबंधित तत्काल चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मंच पर लाता है। यह दिन शैक्षिक कार्यक्रमों और समुदाय–संचालित अभियानों के माध्यम से सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास है। इस वर्ष जल दिवस की विषय वस्तु 'समृद्धि और शांति के लिए जल' है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पर्यावरण और विकास पर 1992 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की सिफारिशों के बाद, 1993 में 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने की घोषणा की थी।

....

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से चेन्नई में शुरू होगा। इस सीजन का पहला मैच पिछली बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा। ऋतुराज गायकवाड चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान बनाये गये है। फाफ डुप्लेसेस रॉयल चेलेंजर्स बैंगलुरू की कप्तानी संभाल रहे है। इस मैच में महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली आमने–सामने होंगे। दर्शकों में इसे लेकर विशेष उत्साह है।

....

प्रदेश में बढते तापमान के बीच गर्मी के असर में लगातार बढोतरी हो रही है। पश्चिमी राजस्थान में इसका असर ज्यादा देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 39 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। जैसलमेर में 38 दशमलव 4, फलौदी में 37 दशमलव 4, बीकानेर में 36 दशमलव 8 और चूरू में 35 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। पूर्वी राजस्थान में डूंगरपुर सबसे गर्म रहा। वहां 36 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

....